झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

विज्ञान एवं प्रावैधिकी परिसर, सिरखा टोली,नामकुम, रॉची, पिन–834010 (झारखण्ड)

पत्रांक :– JUT-15/2018/1013 /रॉची, दिनांक :–02/12/19

संबंद्धता प्राप्त किये जाने से संबंधित आवश्यक सूचना

झारखण्ड राज्य के उच्च, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग अंतर्गत अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (All India Council for Technical Education) एवं भारतीय भेषजी परिषद् (Pharmacy Council of India) से मान्यता प्राप्त सरकारी/गैर–सरकारी/पी0पी0पी0 मोड पर स्नातकोत्तर/स्नातक/डिप्लोमा स्तरीय तकनीकी एवं फार्मेसी पाठ्यक्रम संचालित करने वाले सभी संस्थान/संस्थाओं को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक वर्ष 2020–21 के लिए झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (JUT), रॉची से संबंद्धता प्राप्त करने हेतु दिनांक 15 फरवरी, 2020 तक (विलम्ब शुल्क रहित) एवं दिनांक 20 फरवरी, 2020 तक (विलम्ब शुल्क सहित) Online भरने के उपरांत आवेदन पत्र का Hard Copy/ Print Out को आवश्यक दस्तावेजों तथा शुल्क के साथ विश्वविद्यालय कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय। उक्त तिथि के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा। नामांकन हेतु संबंद्धता प्राप्त संस्थान/संस्थाओं को सूची विभाग को 15 मई 2020 तक भेजी जानी है। आवेदन शुल्क 25000/–(रू0 पच्चीस हजार), संबंद्धता शुल्क 1,00,000/–(रू0 एक लाख) एवं विलम्ब शुल्क 25000/–(रू0 पच्चीस हजार) देय होगा। डिमांड ड्राफ्ट "Jharkhand University of Technology" के नाम से तथा Ranchi में भुगतेय होना चाहिए। "Application for Provisional Affiliation Form" को दिनांक–07 जनवरी 2020 से विश्वविद्यालय के अधिकृत वेबसाइट **"http://jutranchi.ac.in"** के माध्यम से भरा जा सकता है।

नोटः सभी सरकारी संस्थानों का आवेदन और संबंद्धता निःशुल्क लिया जाना है।

ह0/–
कुलसचिव (प्रभारी)
झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
रॉची।